प्रेस को सूचना (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 85/2023)

तत्काल प्रकाशन के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

भादूविप्रा के परामर्शपत्र " प्रसारण एवं केबल सेवाओं के लिए विनियामक ढांचे की समीक्षा" पर टिप्पणियों और प्रतिटिप्पणियों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार।

नई दिल्ली, 15 सितम्बर 2023: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 08 अगस्त 2023 को "प्रसारण एवं केबल सेवाओं के लिए विनियामक ढांचे की समीक्षा" पर एक परामर्शपत्र जारी किया था। इस परामर्शपत्र में उठाए गए मुद्दों पर हितधारकों से टिप्पणियां आमंत्रित करने की अंतिम तिथि 05 सितम्बर 2023 और प्रतिटिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 19 सितम्बर 2023 निर्धारित की गई थी।

2. उपर्युक्त परामर्शपत्र पर टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने के लिए समय बढ़ाने के लिए हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों के कारण, टिप्पणियाँ और प्रति टिप्पणियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि क्रमशः 19 सितंबर 2023 और 3 अक्टूबर 2023 तक बढ़ा दी गई थी।

3. भादुविप्रा को व्यापक प्रतिक्रिया प्राप्त हों इसके लिए उपर्युक्त परामर्श पत्र पर टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने के लिए समय बढ़ाने के लिए हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए, टिप्पणियों और प्रति-टिप्पणियों की अंतिम तिथि को क्रमशः 3 अक्टूबर 2023 और 17 अक्टूबर 2023 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। टिप्पणियाँ/प्रति-टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने के लिए समय के किसी भी अतिरिक्त विस्तार के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. टिप्पणियाँ और प्रति-टिप्पणियाँ, अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में, ईमेल आईडी advbcs-2@trai.gov.in और jtadvbcs-1@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं।

5. किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री अनिल कुमार भारद्वाज, महानिदेशक ट्राई सीएसआर और सलाहकार (बी एंड सीएस) से दूरभाष नंबर +91-11-23237922 पर संपर्क किया जा सकता है।

(वी. रघुनंदन)

सचिव, भादूविप्रा